# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 07.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दस जून को प्रस्तावित देवघर दौरा स्थगित हो गया है। राष्ट्रपति 11 जून को देवघर के एम्स में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाली थीं। इससे पहले उनका बाबा धाम मंदिर में पूजा करने का भी कार्यक्रम था। जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि राष्ट्रपति का देवघर दौरा फिलहाल स्थगित हो गया है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। एनडीए सरकार के केन्द्र में ग्यारह वर्ष पूरे होने के संदर्भ में श्री मोदी ने कहा कि यह सरकार के लिए गौरव की बात है कि उसने इस कार्यकाल में देश के परिश्रमी किसानों की सेवा की। श्री मोदी ने पिछले ग्यारह वर्षों में किसानों की संमृद्धि के लिए किए सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया जिनसे कृषि क्षेत्र में बड़ा परिर्वतन सुनिश्चित हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए सरकार के प्रयास आने वाले समय में और भी मजबूती से जारी रहेंगे।

********************

राजधानी रांची के कांके स्थित बंद पड़ी राजकीय बेकन फैक्ट्री को जल्द ही पुर्नजीवित किया जाएगा। आईसीएआर नेशनल मीट रिसर्च इंस्टीट्यूट हैदराबाद की दो सदस्यीय टीम ने बेकन फैक्ट्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद टीम के सदस्यों ने कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कृषि मंत्री को बताया कि बेकन फैक्ट्री को पुर्नजीवित करने की संभावना शत प्रतिशत है और निरीक्षण से संबंधित रिपोर्ट एक सप्ताह के अंतर विभाग को सौंप दी जाएगी। इस फैक्ट्री को पुर्नजीवित करने के लिए हैदराबाद से तकनीकी जानकार भी आनेवाले दिनों में फैक्ट्री का दौरा करेंगे।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज ईद उल–अजहा यानी बकरीद का त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जा रहा है। बकरीद को लेकर राजधानी रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह, हजारीबाग और चतरा समेत राज्यभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बलों के साथ पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही हैं। वहीं असमाजिक तत्वों और सोशल मीडियी की भी कड़ी निगरानी की जा रही है। पाकुड़ में भी चाक–चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच बकरीद मनाया जा रहा है।

********************

खूंटी जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौजूदगी से जैवविविधता और नैसर्गिक सुंदरता बढ़ गई है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारी संवाददता––

********************

बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा ने आज बीएस सिटी के सेक्टर वन सी और भर्रा बस्ती को जोड़ने वाले पुल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पिछले दिनों मवेशियों के करंट लगने से दो पक्षों के बीच हुए विवाद की जानकारी ली। इस मौके पर उपायुक्त ने गरगा नदी में जल कुंभी और गंदगी देख नाराजगी जताई। उन्होंने गरगा नदी की साफ–सफाई को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने नदियों के किनारे अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

********************

लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में आज अहले सुबह एक ट्रक चालक की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी गयी है। यह घटना चंदवा थाना क्षेत्र के पन्नाटांड़ पुलिस पिकेट के पास की है। पुलिस के अनुसार अज्ञात अपराधियों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आशंका जतायी जा रही है कि लूटपाट के इरादे से घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक सरायकेला खरसावां जिले का रहनेवाला था।

********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में अगले छह दिनों के दौरान गरज के साथ हल्के दर्जे की बारिश की संभावना है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के पूर्वानुमान के अनुसार आठ जून को राज्य के पूर्वी एवं इसके निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। वहीं नौ से तेरह जून के बीच कहीं–कहीं गरज के साथ हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार बारह से पन्द्रह जून के बीच झारखंड में संताल परगना के रास्ते मॉनसून के प्रवेश करने की संभावना है।

***************